समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Sunday, 30 August 2026**

# पाकिस्तान के दो टुकड़े होने का दावा! क्या बलूचिस्तान बना नया देश? सोशल मीडिया पर वायरल दावों की सच्चाई जानिए

Sanket Morankar

Published on 14 Jul 2026



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक दावा तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि **बलूचिस्तान ने खुद को 'रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान' घोषित कर पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र देश बनने का ऐलान कर दिया है।** वायरल पत्र में यह भी दावा किया गया है कि बलूचिस्तान की सेना ने क्षेत्र के लगभग **85 प्रतिशत भूभाग पर नियंत्रण** स्थापित कर लिया है तथा नया राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, मुद्रा और प्रशासनिक व्यवस्था लागू कर दी गई है।

खनिज संपदा और गैस क्षेत्रों पर नियंत्रण का दावा

वायरल दस्तावेज़ में दावा किया गया है कि नए प्रशासन ने क्षेत्र की खनिज संपदा, प्राकृतिक गैस भंडार और कोयला खदानों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के कई अधिकारियों ने इस्तीफा देकर बलूचिस्तान का समर्थन किया है।

पहले भी उठती रही हैं अलगाव की मांग

बलूचिस्तान लंबे समय से पाकिस्तान का सबसे संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां कई वर्षों से अलगाववादी आंदोलन सक्रिय हैं और समय-समय पर पाकिस्तान सरकार तथा सुरक्षा बलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और हिंसक घटनाएं सामने आती रही हैं। हाल के वर्षों में भी बलूचिस्तान में तनाव और सुरक्षा चुनौतियां लगातार बनी हुई हैं।

दावों की नहीं हुई आधिकारिक पुष्टि

हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इन दावों की **अब तक किसी भी आधिकारिक सरकारी एजेसी, अंतरराष्ट्रीय संगठन या किसी मान्यता प्राप्त देश द्वारा पुष्टि नहीं की गई है।** किसी भी देश ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं दी है। इसलिए फिलहाल यह कहना सही नहीं होगा कि बलूचिस्तान आधिकारिक रूप से पाकिस्तान से अलग होकर

नया देश बन गया है।

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है हिंसा

पिछले कुछ महीनों में बलूचिस्तान में हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यहां बलूच अलगाववादी संगठनों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) जैसे आतंकी समूहों द्वारा पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों पर कई हमले किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हालिया अभियानों में बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने का दावा भी पाकिस्तान की ओर से किया गया है।

फिलहाल, **सोशल मीडिया पर वायरल "बलूचिस्तान स्वतंत्र देश बन गया" वाला दावा आधिकारिक रूप से प्रमाणित नहीं है।** ऐसे में इस तरह की खबरों पर विश्वास करने से पहले विश्वसनीय और आधिकारिक स्त्रोतों से पुष्टि करना आवश्यक है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.